मैया जी तेरी जय

मैया जी तेरी जय,दाती जी तेरी जय,
मुझे अपना दास बना के चरणों के पास बिठा के

मेरी रख ली बात रखा सिर पे हाथ मेरी शान बड़ा दी है ,
मैया जी तेरी जय,दाती जी तेरी जय,

इक बार की पुकार तूने माँ खजाने खोल दिए,
बेशुमार हीरे हजार ममता के माँ अनमोल दिए,
लख वार दिया सो वार दियां,
माँ हैरानी तूने प्यार दिया ,
गोदी में बिठा कर प्यार दिया बोली जा मौजा लै,
मैया जी तेरी जय,दाती जी तेरी जय,

की न देर बरसाई मेहर जब याद किया तब आई माँ,
साथ साथ दिन हो या रात मेरी बन के चले परछाई माँ,
रखे माँ हमेशा लाज मेरी सुनती है सदा आवाज मेरी,
औकात है जो भी आज मेरी तेरा शुक्र गुजारु मैं ,
मैया जी तेरी जय,दाती जी तेरी जय,

आन वाण सामान शान सब तेरे नाम से पाया है,
धन ये माल बेटी ये लाल माँ तेरे धाम से पाया है,
माँ तेरे जैसा कोई नहीं जैसी तू वैसा कोई नहीं,
मैं जागा तू भी सोइ नहीं मेरी कितनी चिंता है,
मैया जी तेरी जय,दाती जी तेरी जय,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12893/title/maiya-ji-teri-jai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |